ई–मेल द्वारा/अति आवश्यक/प्रथम अनुस्मारक

प्रेषक,

निदेशक
नगरीय निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश
8 वॉ तल, इन्दिरा भवन
लखनऊ।

सेवा में,

(1)समस्त नगर आयुक्त
नगर निगम,
उत्तर प्रदेश ।

(2) समस्त अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत,
उत्तर प्रदेश (द्वारा जिलाधिकारी)।

पत्रांकः पी.एम.यू./37 / 412/एस.बी.एम./2015 दिनांक 13 मई, 2015

विषयः शहरी विकास मन्त्रालय,भारत सरकार द्वारा संचालित ''स्वच्छ भारत मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के प्रत्येक नगर निकाय के क्षेत्र में दिनांक 4 मई–8 मई, 2015 की अवधि में ''स्वच्छ भारत मिशन सप्ताह'' मनाये जाने हेतु निर्धारित कार्यक्रम का संचालन के संबंध में वांछित सूचना उपलब्ध कराने के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या पी.एम.यू./25/412/एस.बी.एम./2015 दिनांक 1.5.2015 के साथ संयुक्त सचिव एवं मिशन निदेशक(एस.बी.एम.), शहरी विकास मन्त्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्र संख्या शून्य दिनांक 30.4.2015 की प्रति संलग्न करते हुए अपेक्षा की गई थी कि भारत सरकार के उपरोक्त पत्र दिनांक 30.4.2015 में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ''स्वच्छ भारत मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर निकाय के क्षेत्र में दिनांक 4 मई–8 मई, 2015 की अवधि में ''स्वच्छ भारत मिशन सप्ताह'' मनाया जाये। इसी क्रम में यह भी अपेक्षा की गई थी कि भारत सरकार को 12.5.2015 को वीडियो– कान्फ्रेन्स के माध्यम से उपरोक्त कार्यवाही से अवगत कराने की आवश्यकता के परिप्रेक्ष्य में वांछित सूचना निम्नलिखित प्रारूप पर 11.5.2015 तक निश्चित रूप से ई–मेल **diruplb2012@gmail.com** पर उपलब्ध करायी जानी सुनिश्चित की जायेः–

Name of the ULB/ District	No. of applications received	No. of applications found eligible	No. of households for which sanction orders issued	No. of cases where 1st. Instalment as advance released
1	2	3	4	5

Date:

Name of Authorized Official
Designation of Authorized Official

दिनांक 11.5.15 तक मात्र 34 नागर निकायों {सहारनपुर, मुरादाबाद, अलीगढ़, आगरा, बरेली, झांसी, गढ़मुक्तेश्वर, तिल्हर, धामपुर, नज़ीबाबाद, डिबाई, अनूपशहर, जहांगीराबाद, स्याना, बीसलपुर, उन्नाव, सम्भल, नौतनवा, शिकोहाबाद, छिबरामऊ, मथुरा, रामपुर, बुगरासी, इल्तिफ़ातगंज, छपरौली, मछलीशहर, कुरसट, मौरावां, मोहान, न्योतनि, औरास, गंजमुरादाबाद, पुर्वा व बिसन्डा} द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध करायी गयी है। कतिपय नागर निकायों द्वारा प्रेषित ''शून्य'' सूचना सम्बंधित नागर निकाय द्वारा उपर्युक्त कार्यक्रम को गम्भीरतापूर्वक न लिये जाने का द्योतक है।

2– पुनः दिनांक 11.05.2015 को शहरी विकास मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित वीडियो–कान्फ्रेन्स में उपरोक्त सूचना दिनांक 19.5.2015 को प्रस्तावित वीडियो– कान्फ्रेन्स के समय उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा के दृष्टिगत उपर्युक्त प्रारूप पर अद्यतन् विवरण दिनांक 18.5.2015 को अप॰ 2.00 बजे तक निश्चित रूप से इस कार्यालय के उपरीलिखित ई–मेल पर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। यदि उक्त तिथि को भी आप द्वारा सूचना उपलब्ध नही करायी जाती है तो उसे अत्यंत गम्भीरता से लेते हुए आपके विरूद्ध प्रतिकूल संज्ञान लिया जायेगा।

कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही समयबद्व रूप से कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(अविनाश कृष्ण सिंह)
निदेशक

पृ. सं. एवं दिनांक उक्तवत।

प्रतिलिपि –

1– निदेशक(यू.डी.), शहरी विकास मन्त्रालय, भारत सरकार, निमार्ण भवन, नई दिल्ली–110011 को ई–मेल द्वारा सूचनार्थ प्रेषित।

2– सचिव, नगर विकास विभाग(अनुभाग–5), उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

3– समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि अपने स्तर से भी सम्बंधित नगर निगम/नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत को वांछित सूचना निर्धारित प्रपत्र पर 18.5.2015 को ~~सांयं~~ 2.00 बजे तक प्रेषित करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

4– श्री अमरेश सिंह चौहान, अपर सांख्यिकीय अधिकारी, नगरीय निकाय निदेशालय, लखनऊ को वांछित सूचनाएं संलग्न प्रारूप पर संकलित करके श्री जी. एस. गुप्ता, सहायक अभियंता, नगरीय निकाय निदेशालय को 18.5.2015 को अपरान्ह 02.30 बजे तक उपलब्ध कराने हेतु।

5– जूनियर प्रोग्रामर, निदेशालय को इस पत्र को ~~संलग्नक सहित~~ निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड करने तथा सम्बन्धित को ई–मेल द्वारा प्रेषित करने हेतु।

13/5/15

(अविनाश कृष्ण सिंह)
निदेशक